राजकीय महाविद्यालय केकड़ी

एक्यूप्रेशर की तकनीक(योग और प्राणायाम पर विस्तृत व्याख्यान)

राजकीय महाविद्यालय केकड़ी में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के चतुर्थ दिन का शुभारंभ विवेकानंद सेवा संस्थान से पधारे अतिथि श्रीमान किशन सोनी जी एवं कांशीराम जी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ अनीता रायसिंघानी द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। कार्यक्रम में माननीय किशन सोनी जी द्वारा एक्यूप्रेशर की तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई एवं उनके द्वारा स्वयंसेवकों को एक्यूप्रेशर टेक्निक्स को डेमो दे करके समझाया। श्रीमान काशीराम जी ने योग और प्राणायाम पर विस्तृत व्याख्यान दिया।उन्होंने योगा एवं प्राणायाम करके दिखाएं। स्वस्थ जीवन जीने की कला के बारे में उन्होंने जानकारी प्रदान की।

आज अध्यक्षीय उद्बोधन महाविद्यालय प्राचार्य पीयूष गुप्ता जी ने दिया एवं प्राचार्य जी द्वारा विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने के लिए भी प्रेरित किया एवं तनाव मुक्त होकर के परीक्षा मैं सफल होने के लिए अभीप्रेरित किया।आज के कार्यक्रम में फूड एंड क्राफ्ट प्रशिक्षक मोनिका जी द्वारा कौशल उन्नयन का कार्य विद्यार्थियों को सिखाया गया। साथी पाककला के तहत दाल पकवान बनाने का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर व्यंजन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंकित जोशी ने प्राप्त किया और क्रापट प्रतियोगिता में रोनिका शर्मा , ममता बैरवा, अनिता खारोल ने अच्छा प्रदर्शन किया ! कार्यक्रम का संचालन डॉ अनीता रायसिंघानी द्वारा किया गया !सभी अतिथियों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के प्रमुख सीपी कुमावत द्वारा दिया गया। तृतीय समूह छत्रपति शिवाजीराजे ग्रुप के द्वारा आज श्रमदान का कार्य किया गया जिसमें सीपी कुमावत के नेतृत्व में विशेष योगदान राजाराम धाकड़ , विनिता सैनी , ममता बैरवा, अक्षिता दाधीच, मोनिका चौधरी विनिता सैनी , संदीप चौहान ,भूपेंद्र मीणा , हार्दिक शर्मा , गोविंद जांगिड़ ,आदि ने दिया।

दौराई ग्राम का आर्थिक सामाजिक सर्वेक्षण कार्य संपन्न एवं एक्यूप्रेशर तकनीक की दी जानकारी।

राजकीय महाविद्या
केकड़ी
करो योग
MAKE
PEACE

जिसने शिष्टता और नम्रता नहीं सीखी, उनका बहुत कुछ सीखना भी व्यर्थ रहा।
MENT COLLEGE, KEKRI
विवेकानन्द सेवा संस्थान, केकड़ी
प्राकृतिक चिकित्सा (एक्युप्रेशर) जीवन शैली
में परिवर्तन कर निदान एवं उपचार निःशुल्क सेवा
KESHAV

राष्ट्रीय सेवा योजना
राजकीय महाविद्यालय, केकड़ी
राजकीय महाविद्यालय, केकड़ी (अजमेर)
अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस